بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

वहाबी मुल्लावों की

शोख़ियां

मौलाना सिराजुल क़ादिरी बहराइची

इन्तेसाब

रअसुल मुनाज़िरीन ग़ैज़ुल मुनाफ़िक़ीन शेरे बेशए अहले सुन्नत हज़रत अ़ल्लामह मुफ़्ती हशमत अ़ली ख़ान (رحمة الله عليه) की ज़ात सुतूदह सिफ़ात से मन्सूब करने की सआ़दत हासिल कर रहा हूँ जिन्हों ने बारगाहे रिसालत मआब (صلى الله تعالى عليه وسلم) के गुस्ताख़ व औलियाए किराम की अ़ज़मतों के मुन्किर गिरोहे वहाबियह से मुतअ़द्दिद तारीख़ी मुनाज़रे किये और हर मैदान में जफ़ाकार, सियहकार, बदअ़क़ीदह, बेहूदह अफ़राद को शिकस्ते फ़ाश दे कर फ़ना के घाट उतार दिया। तहदीसे नेमत के तौर पर फ़रमाते हैं:

सग हूँ मैं उबैदे रज़वी ग़ौसो रज़ा का
आगे से मेरे भागते हैं शेरे बबर भी

जो मुदर्रिस भी थे, मुक़र्रिर भी थे, मुफ़स्सिर भी थे, मुफ़क्किर भी थे, मुदब्बिर भी थे और एक अ़ज़ीम मुफ़्ती भी थे। जिन की तक़रीरों का ख़ास मौज़ू रद्दे वहाबियह ही रहा और उस में आप को दरके कामिल व महारते ताम्मह हासिल थी, जिस से आप की इश्क़े रसूल (صلى الله تعالى عليه وسلم) में सरशारी का बख़ूबी अन्दाज़ह होता है।

गर क़ुबूल उफ़्तद ज़हे इज़्ज़ो शरफ़

ख़ाकपाए गुलामाने रज़ा------सिराजुलक़ादिरी बहराइची

मैं आईना हूं दिखाता हूं दाग़ चहरे का

माअदने फ़साहत व बलाग़त
हज़रत मुफ़्ती तौफ़ीक़ अहसन बरकाती मद्द जिल्लहुन्नूरानी

بسم الله الرحمٰن الرحيم نحمدهٗ ونصلى علىٰ رسو له الكريم

अम्मा बअद! आईनह साज़ी बहुत बड़ा फ़न है, ये हुनर बर्सों की रियाज़त के बअद हाथ आता है, लमहा लमहा एहतियात, लहज़ा लहज़ा किर्चियां बिखर जाने का ख़तरह, क़दम क़दम शिकस्तगी का ख़ौफ़, यहां बड़े कमाल बड़ी मश्शाक़ी की ज़रूरत रहती है. ऐसा इस लिए भी होता है ताकि इस आईने में दिखने वाले उकूस धुंदले और मुबहम न हों, बल्कि हर अक्स हर चेहरा बिल्कुल साफ़ मुकम्मल वाज़ेह और नुमायां नज़र आए और एक सच्चे अच्छे आईने की ख़ूसुसियत ये हुवा करती है कि वह ग़ल्तियां बहुत कम करता है बिल्कुल न के बराबर. अपने रू बरू होने वाले हर ख़द्दो ख़ाल को बिऐनिहि दिखाता है न तब्दीली करता है न उंचा दिखाता है, अच्छे चहरे को अच्छा, बुरे को बुरा, अपाहिज को अपाहिज, सलीमुल आज़ा को बिल्कुल तन्दरुस्त, भींगे को भींगा और ख़ुश चश्म को खुश चश्म, मरीज़ को पज़मुर्दह और सिहत वाले को हश्शाश बश्शाश, ख़ुबरु को खुबरु और बद शक्ल को बद शक्ल, उस का उलटा नहीं करता कि बद शक्ल को खुश शक्ल बना कर पेश करे, मुरझाए हूए को खुश व ख़ुर्रम दिखाए. अब अगर कोई बोसीदह लिबास पहन कर उस के सामने ख़ड़ा हो और आईने में कशीदह कारी करे तो कशीदह कारी के नुकूश उस के लिबास में नहीं छपने वाले, न ही फटा कटा कपड़ा आईनह रगड़ने से सिला हुवा बन सकता है, आईने के सामने आने वाला करीह चहरह बद नुमा ही नज़र आएगा, दाग़ वाला ही दिखाई देगा जब तक उस दाग़ को ख़त्म नहीं किया जाए वैसा ही रहेगा, यहां आईने को कोसना कि तुम ने ऐसा क्युं दिखाया बिल्कुल हिमाक़त व सफ़ाहत है, करीह को करीह दिखाने पर न आईने को मुजरिम ठहराया जा सकता है न आईनह साज़ को और न ही आईनह दिखाने वाले को. क्युं कि आईनह का काम सिर्फ अक्स बन्दी है और कुछ नहीं. ज़ेरे नज़र किताब भी एक आईनह है बिल्कुल

चमकता हुवा आईनह, वाज़ेह और साफ़ आईनह और आईनह साज़ का नाम है कई दर्जन किताबों के मुअल्लिफ़ व मुसन्निफ़ हज़रत मौलाना सिराजुल क़ादरी बहराइची, उन्हों ने आईने को एक ख़ास मक़ाम पर आवेज़ां कर दिया है और उस के सामने बे शुमार करीह, बद नुमा दाग़ दार, सरान्ड से भर पूर और गन्दे चहरों को ला खड़ा किया है, इस आईने में ज़िंदगियों को भी कड़वाहट दिख रही है, अख़लाक़ की भी, अफ़्कार की भी, किरदारों का जमगठा है, बद शक्ल चहरों की भीड़ है, बिल्कुल डरावनी, दहशत नाक, ख़ूं ख़्वार और आईने के सामने का मंज़र लहू लहू है, यह सारे किरदार बे क़रार व बे चैन हो हो कर आईने पर झपट पड़ने के लिए उतावले हो रहे हैं, आईने को तोड़ देना चाहते हैं, आईनह साज़ की कलाई मरोड़ देना चाहते हैं, उन के सामने आईनह भी मुजरिम है कि वो सच दिखा क्युं रहा है और आईनह साज़ भी क़ाबिले गरदन ज़दनी है कि उस ने ऐसा बनाया क्युं, हालांकि सच्चाइ यही है दुनिया जानती है कि आईनह और आईनह साज़ दोनों का दामन जराइम से पाक है. मौलाना सिराजुल क़ादरी बहराइची सिर्फ़ ये नहीं चाहते जैसा कि शाइर की ख़्वाहिश है.

मैं आइनह हूं दिखाता हूं दाग़ चहरे का
जिसे ख़राब लगे सामने से हट जाए

जब कि वो चाहते हैं कि बद नुमा चहरे ख़ूश नुमा बनाये जाएं, दाग़ धब्बे धोए जाएं, अपनी ग़लती सोच और बे हंगम फ़िक्र को सहीह ज़ाविए पर रखा जाए, दुनिया की अंखों में चंद दिनों तक धूल झोंकी जा सकती है हमेशा के लिए नहीं, वरनह ऐसे आईनह साज़ हर अहेद में आईनह आवेज़ां करके असली चहरह दुनिया वालों को दिखा दें गे और दीन व फ़िक्र को बे चहरगी का शिकार नहीं बनाया जा सके गा. मुझे उम्मीद है कि इस आईने को संभाला दिया गया और बद अफ़्कार वहाबियह दयाबनह को दिखाने का काम अन्जाम दिया गया तो अवाम व ख़वास सब के लिए दूध और पानी को पहचान्ना बिल्कुल आसान होगा. अल्लाह अज़्ज़वजल हमैं इस काम की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए, आमीन!

फ़क़त

तौफ़ीक़ अहसन बरकाती, मुंबई

(८ नवम्बर २०१५ ई. बरोज़ इतवएार)

अपनी बात

एक हंगामए महशर हो तो उस को भूलूं
सैकड़ों बातों का रह रह के ख़याल आता है

माहे रमज़ानुल मुबारक की २६ तारीख १४३५हि. बरोज़ जुमेरात, बाद नमाज़े फ़ज्र किसी साहब ने फ़ोन किया. ऐसा लगता था कि वह सुन्नी सहीहुल अक़ीदह है मगर तरज़े तकल्लुम से ज़ाहिर था कि वह मुनाफ़िक़ है. और वहाबियत के आसेब का शिकार है. कुरआन शरीफ़ की एक आयते मुबारकह पढ़ कर उस का तर्जजमा बताता है जिस में रसूलुल्लाह (صلی اللہ علیہ وسلم) के इल्मे ग़ैब की नफ़ी है. मैं ने कहा और भी तो आयतें हैं जिन से इल्मे ग़ैब का सुबूत मिल रहा है. बरजस्ता कह दिया: कि क्या ये कुरआन की आयत नहीं है जिस में इल्मे ग़ैबे मुस्तफ़ा की नफ़ी है. आप लोग किताबें छाप कर फ़ित्नह व फ़साद बरपा करते हैं. आप की मुजरिम और गुस्ताख़े क़लम नामी किताब के हवाले किसी किताब में नहीं मिल रहे हैं. मैने कहा आप चले आईये आप को हवाला भी मिल जाएगा और इल्मे ग़ैब का सुबूत भी. मगर उस फ़ातिरुल अक़्ल ने मुगल्लिज़ात बकना बंद न किया. मजबूरन मोबाइल बंद करना पड़ा. बाद में मालूम हुवा कि आं जनाब फ़िरक़ए अहले हदीस से तअल्लुक़ रखते हैं जो इंतहाई बदबूदार और ग़लीज़ फ़िरक़ा है, उस फ़िर्क़ा को बाज़ देवबंदी उलमा भी मुसतरद करते हैं और उनके अक़वाल व अफ़कार को बातिल क़रार देते हैं.

साफ़ व शफ़्फ़ाफ़ मलबूसात में रहने वाले वहाबी ग़ैर मुक़ल्लिदीन जिन का दअवा है कि उन कि अंदर कुरआन व हदीस समझने की

सलाहियत मौजूद है इसी लिये वो किसी की तक़लीद के मोहताज नहीं, और किताब व सुन्नत से मसाइल का इसतेख़्राज व इसतिंबात करने पर वह ख़ुद ही क़ादिर हैं, लेकिन मआमिला इस के बरअक्स है, ये सिर्फ़ ग़लत तरजमा और ग़लत तावीलात पर उबूर रखते हैं और अपने इल्म व तक़द्दुस की झूटी शोहरत के ज़रीआह गुमराह करते हैं, ये अपने आप को अहले हदीस कहलाते हैं जिस का मतलब उन के यहाँ ये होता है कि उन का हर अमल हदीस के मुवाफ़िक़ होता है. ये क़यास और राए से इज्तेनाब करते हैं, यही वजह है कि चारों इमाम और उन के मुत्तबईन को बुरा भला कहते हैं, खुसूसियत के साथ इमामे आ़ज़म अबू हनीफ़ा (رحمة الله عليه) और उन का इत्तेबाअ करने वालों पर लअन तअन करते हैं, उन्हें हदीस और इलमे हदीस से नावाक़िफ़ जानते हैं और इलज़ाम लगाते हूए कहते हैं कि अहनाफ़ हदीस पर क़यास को तरजीह देते हैं, सादह लोह मुसलमानों को चिकनी चपड़ी बातों से ऐसा उलझा देते हैं कि कम इल्मी व नावाक़िफ़ियत की बिना पर लोग आसानी से उन के दामे फ़रेब में आजाते हैं. मगर किसी भी फ़ित्ने के बंदे सलासिल से अक़ीदत का तूफ़ान थम नहीं सकता, तमाम साज़िशी बंधनों के बावजूद अक़ीदत व महब्बत का बहरे तलातुम, तमव्वुज आमेज़ फ़ित्ने और फ़रेब कारीयों की मज़बूत तिलिस्मी दीवार तोड़ देती है.

हज़राते मोहतरम!

इल्मे ग़ैब के सुबूत पर मुतअद्दिद किताबें अकाबिर उलमाए अहले सुन्नत की एक ज़माने से मुस्तनद हवालाजात से मुज़य्यन कुतुब ख़ानों और लाएबरेरियों में मौजूद हैं, जिन से इस्तेफ़ादा किया जा सकता है. लेकिन इस किताब (**वहाबी मुल्लावों की शोख़ियां**) में आप मुलाहिज़ा करेंगे, उजले, उजले लिबास वाले ग़ैर मुक़ल्लिदीन वहाबी, देवबंदी उलमा की वह

इबारतें जिसे पढ़ने के बाद उन के सियाह कुलूब और उन के बातिल अक़ाइद और उन हज़रात के मुबल्लिगे इल्म का अंदाज़ा होता है, अफ़सोस तो सिर्फ़ ये है कि दौरे हाज़िर के वहाबी, देवबंदी, सुलेह कुल्ली ग़ैर मुक़ल्लिदीन अपने बुजुरगों की किताबें छाप कर क़ौमे मुसलिम को गुमराही के दलदल में ढकेल रहे हैं, उस से क़ौम को क्या तअस्सुर देना चाहते हैं ये अहले दानिश जानते हैं, उन के यहां सुव्वर की तिल्ली और कव्वा खाना हलाल है, **खुद उन के मुत्तबईन क्या सुव्वर की तिल्ली और कव्वा खा रहे हैं?** अगर जवाब इस्बात में है तो खुदारा अपने ही तक महदूद रखिये और अगर जवाब नफ़ी में है तो ऐसा लिखने वालों के बारे में क्या ख़याल है? इलेक्ट्रानिक दौर है तरक़्क़ी याफ़्ता लोग हैं खुद ही फ़ैसला कर सकते हैं. अब वर्क़ पलटिये और उन बे इमानों और बे हया बेग़ैरत मुल्लावों की हया सोज़ इबारतें नंगी आंखों से मुलाहिज़ा किजिये.

(नोट): इस किताब में ज़्यादा तर अल्वहाबियत नामी किताब से मदद ली गई है जो मौलाना ज़ियाउल्लाह क़ादरी साहब की तस्नीफ़ है.

गदाए कूचए मसऊदे ग़ाज़ी

सिराजुल क़ादरी बहराइची

(बानी व मोहतमिम साबरी यतीम ख़ाना
जामिआ सरकार आला हज़रत गँगवल बाज़ार,
बहराइच शरीफ़, यूपी.)

३० सितम्बर २०१५ई.

१५ ज़िलहिज्जा शरीफ़ १४३६ही.

अल्लाह तआला के बारे में गै़र मुक़ल्लिदीन के अक़ाइद

अक़ीदह (१): दूसरा ख़ुदा हो सकता है.

(अल फ़ज़ीलतुल हिजाज़ियह, स:२१ मतबूअह अमान सरहद बर्क़ी प्रेस रावलपिंडी १९१९ई. अज़: क़ाज़ी अबदुल अहद उस्ताज़ सनाउल्लाह अमरितसरी)

अक़ीदह (२): अल्लाह तआ़ला सब से बड़ा नहीं.

(क़ौल इब्ने तैमिया दर फ़तावा हदीसियह, स.१००, मतबूअह मिस्र)

अक़ीदह (३): अल्लाह तआला की सूरत व शक्ल है. अल्लाह तआला सूरत बदल सकता है.

(हदियतुल महदी, जि.१, स.७, मतबूअह १३२५ही. इस्लामी कुतुब ख़ानह सयालकोट)

अक़ीदह (४): अल्लाह तआला अर्श पर बैठा है और दोनों क़दम कुर्सी पर रखे हैं.

(अल हदीद शरेह किताबुत तौहीद, स.११० मतबूअह सऊदी अ़रब) (अल इहतवा अला मसअलतिल इस्तवा, सिद्दीक़ हसन भोपाली मतबूअह गुलशने अवध लखनऊ. बहवाला जामिऊश शवाहिद अज़ मुहद्दिस सूरती رحمة الله عليه) (मक़ालात व फ़तावा अबदुल अ़ज़ीज़ बिन अबदुल्लाह बिन बाज़ मुफ़्तिए आज़म सऊदी अरब, स.१३१,१५७, मतबूअह, दारुस्सलाम, रियाज़ सऊदी अरब, एडीशन १९९८ई.)

अक़ीदह (५): अल्लाह तआला भी झूट बोल सकता है.

(हवाला: अख़्बारे अहले हदीस अमरितसर, शुमारह २७ अगस्त १९१५ई. स.२, बहवालह वहाबी मज़हब की हक़ीक़त अज़ मौलाना ज़ियाउल्लाह) ऐसा ही सियानतुल ईमान, स.१५, मतबूअह मुरादाबाद, अज़ मोलवी शहीदुलहक़ शागिर्द नज़ीर हुसैन में है.

अक़ीदह (६): अल्लाह तआ़ला मक्र व फ़रेब करता है.

(नऊज़ुबिल्लाह) (मक़ालात व फ़तावा, स.१६३,१६४)

अक़ीदह (७): अल्लाह तआ़ला मोहताज है.

(क़ौल इब्ने तैमियह दर फ़तावा हदीसियह, स.१००, अज़ इमाम इब्ने हजर मक्की)

अक़ीदह (८): आख़िरत में अल्लाह तआ़ला का दीदार नहीं होगा.

(अल फ़ज़ीलतुल हिजाज़, स.२७, बहवाला वहाबी मज़हब की हक़ीक़त)

हुज़ूर (صلی اللہ علیہ وسلم) और अंबिया व औलिया वग़ैरहुम के तअल्लुक़ से ग़ैर मुक़ल्लिदीन के अक़ाइद वख़यालात

अक़ीदह (९): हुज़ूर अकरम (صلی اللہ علیہ وسلم) और बुज़ुरगाने दीन को वसीलह बनाना कुफ़्र व शिर्क है.

(अद दुररुस सुन्नियह, स.३९) मक़ालात व फ़तावा बिन बाज़, स.९६)

अक़ीदह (१०): शैतान हुज़ूरे अक़दस (صلی اللہ علیہ وسلم) की शक्ल में मदद करता है.

(किताबुल वसीलह, स.१४१, अज़ इब्ने तैमियह, तरजमा: एहसाने इलाही ज़हीर, मतबूअ़ह अल किताब इंटरनेशनल जामिआ़ नगर नई दिल्ली)

अक़ीदह (११): हुज़ूरे अकरम (صلی اللہ علیہ وسلم) के रौज़ए अनवर और दूसरे अंबिया व औलिया के मज़ारात की ज़ियारत के लिये सफ़र करना मना और शिर्क में मुब्तिला होने का सब से बड़ा ज़रीअह है. (फ़तहुल मजीद शरह किताबुत तौहीद उर्दु, स.७०७, अज़ अबदुल रहमान नज्दी मतबूआ अल मिनार पब्लीकेशंज़ दिल्ली)

अक़ीदह (१२): हुज़ूरे अकरम (صلی اللہ علیہ وسلم) से शफ़ाअत तलब करने वाला काफ़िर व मुशरिक है.

(तोहफ़ए वहाबिया, स.६८, तर्जमा: अलहदियतुस सुन्नियाह, मोवल्लिफ़ह सुलैमान बिन सहमान नज्दी, मतबूआ अमरितसर)

अक़िदह (१३): वहाबी मोलवी क़ाज़ी मोहम्मद बिन अली शौकानी लिखते हैं: (१) हुज़ूर अकरम (صلى الله عليه وسلم) की क़ब्र मुक़द्दस हर लिहाज़ से बुत है. (हाशियह शरहुस्सुदूर, स.२५, मतबूअह सऊदियह)

अक़ीदह (१४): वहाबियों के इमाम मुहम्मद बिन अबदुल वहाब नज्दी के पोते अबदुल रहमान नज्दी ने अपने दादा की किताब किताबुत तौहीद की शरह फ़तहुल मजीद में लिखा है कि: नबी (صلى الله عليه وسلم) का रौज़ह शिर्क व इलहाद का बहुत बड़ा ज़रीअह है.

(फ़तहुल मजीद शरह किताबुत तौहीद, स.२०९, मतबूआ मिस्र)

अक़ीदह (१५): वहाबियों के नवाब सिद्दीक़ हसन भोपाली के बेटे नूरुल हसन भोपाली ने लिखा है: कि पैगम्बर (صلى الله عليه وسلم) कि क़ब्र को गिरा देना वाजिब है. (उर्फ़ुल जादी, स.६१)

अक़ीदह (१६): रौज़ए अनवर पर सलात व सलाम पेश करना मना है.

(हिदायतुल मुस्तफ़ीद, जि.१, स.८११. उर्दू तर्जुमह, फ़तहुल मजीद, अज़ अबदुल रहमान बिन हसन आले शेख़ मतबूआ अन्सारुस्सुन्नतुल मुहम्मदियह, फ़ज़ल मंज़िल बेडन रोड लाहोर पाकिस्तान)

अक़ीदह (१७): हुज़ूर अकरम (صلى الله عليه وسلم) का रौज़ए अनवर (गुंबदे ख़ज़रा) और हर नबी व वली के मज़ारात बाइसे फ़ित्ना और अस्बाबे शिर्क में से हैं उन को गिराना वाजिब है. (मक़ालात व फ़तावा बिन बाज़, स.१९४)

अक़ीदह (१८): हुज़ूर अक़दस (صلى الله عليه وسلم) मुरदह हैं (नऊज़ू बिललाह) उन से तअल्लुक़ रखना और मदद मांगना शिरक है.

(ऐज़ं स.१९०)

अक़ीदह (१९): हुज़ूर (صلى الله عليه وسلم) के माँ बाप काफ़िर और जहन्नमी हैं और उन का हुक्म कफ़िरों जैसा है.

(मक़ालात व फ़तावा, स.१७०)

अक़ीदह (२०): मीलादुन्नबी का मक़्सद अच्छा हो तो भी फ़ित्ना, बिदअ़त और शिर्क व फ़साद का सबब है. (ऐज़ं:२००)

अक़ीदह (२१): हुज़ूर (صلى الله عليه وسلم) की क़ब्रे अनवर के क़रीब दुआ़ मांगना बिदअ़त और गुमराही है.

(नहजुल मक़बूल फ़ार्सी, स.४३, मतबूआ रईसुल मुतावेअ १२९६ही. अज़ नवाब नूरुल हसन फ़र्ज़ंद सिद्दीक़ हसन भोपाली. फ़तहुल मजीद शरह किताबुत तौहीद अज़ अबदुल रहमान नज्दी, स.७०६, मतबूआ अल मिनार पब्ली केशंज़, दिल्ली)

अक़ीदह (२२): हुज़ूर अक़दस (صلى الله عليه وسلم) मअसूम नहीं और सहाबए केराम आप की ख़ताओं पर एअतेराज़ किया करते थे.

(तहकीकुल कलाम, स.४४, बहवालह जामेउश शवाहिद अज़ मोहद्दिस सूरती)

अक़ीदह (२३): हुज़ूर (صلى الله عليه وسلم) से ज़्यादा मुहब्बत रखने वाला मुशरिक है.

(तहक़ीकुल कलाम फ़ी मसअलतिल बैअति वल इलहाम. मतबूअह रियाज़ हिंद प्रेस अमरितसर, स.१५, बहवालह जामिउस शवाहिद)

अक़ीदह (२४): हुज़ूर (صلى الله عليه وسلم) को इल्मे गैब नहीं.

(मक़ालात व फ़तावा, स.८०)

अक़ीदह (२५): ईदे मीलादुन्नबी मनाना काफ़िरों की नक़ल और शैतानी अ़मल है.

(सुन्नी बरेलवियत क्या है? क्या ये हिंदू धरम की नक़ल है या इस्लाम, स.१३९, मतबूआ इदारह दअवतुल इस्लाम मल्लापूर पोस्ट, रठोरा ज़िलअ बरेली यूपी)

अक़ीदह (२६): अम्बिया (عليهم السلام) से दीनी अह्काम में भूल चूक हो सकती है.

(रद्दे तक़लीद ब किताबुल मजीद, स.१२, मुसद्दिक़ह नज़ीर हुसैन मतबूआ मतबअ फ़ारूक़ी दिल्ली बहवाला जामिउश शवाहिद)

नोट: क़ब्रे अनवर की ज़ियारत करने वाला शफ़ाअ़त का हकदार है.

हज़रत अबदुल्लाह बिन उमर (رضی اللہ تعالی عنہما) से रिवायत है कि महबूबे ख़ुदा (صلی اللہ علیہ وسلم) ने फ़रमाया: मन ज़ारा क़ब्री वजबत लहू शफ़ाअती. यानी जिस ने मेरी क़ब्रे अनवर की ज़ियारत की उस के लिये मेरी शफ़ाअत वाजिब हो गई. मगर ज़रा देखो! उन वहाबियों और देवबंदियों का ईमान व अक़ीदह हुज़ूर (صلی اللہ علیہ وسلم) की ज़ाते बा बरकात व क़ब्र शरीफ़ और रौज़ए अनवर के तअल्लुक़ से कितना गंदह और ख़राब है.

जो इन किताबों के हवाला जात के साथ बयान कर दिया गया है. अल्लाह तआला अपनी अमान मे रखे और बातिल फ़िर्क़ह से महफ़ूज़ फ़रमाए.

अक़ीदह (२७): कुरआनी तअवीज़ बांधना, अल्लाह का नाम या आयतुल कुर्सी गाड़ियों मे लटकाना, नीज़ आफ़तों व बलावों से महफ़ूज़ रखने के लिए गाड़ी के अंदर कुरआन मजीद रखना शिर्क है.

(मक़ालात व फ़तावा, स.१८०,१८। तौहीद का क़िलअ, स.७, मतबूआ दारुल क़ासिम सऊदी अरब, मुसन्निफ़ीन अबदुल रहमान साअदी, अबदुल अज़ीज़ बिन बाज़ वगैरहुमा)

अक़ीदह (२८): हलक़ए ज़िक्र व अस्तगफ़ार बिदअत है, उसे छोड़ना वाजिब है. (मक़ालात व फ़तावा, स.१८४)

अक़ीदह (२९): शबे बरात मनाना बिदअत, नाजाइज़ व हराम और शीओं की नक़ल है.

(सुन्नी बरेलवियत क्या है? स.१४१, मतबूअह इदारह दअवतुल इस्लाम मल्लापूर, रठोरा, बरेली व मख़दूम नगर अहमदाबाद)

अक़ीदह (३०): आदम अलैहिस्सलाम अल्लाह तआला के ख़लीफ़ह न थे. (इस्लाहे अक़ाइद बहवाला अक़ाइदे वहाबियह)

नोट: क्या हो गया है इन अक़्ल के दुश्मनों को कि कुरआन मजीद के

फ़रमूदात को झुटला रहे हैं, कुरआने पाक में है कि आदम (علیہ السلام) अल्लाह तआला के ख़लीफ़ह हैं.

अक़ीदह (३१): ईसा (علیہ السلام) बग़ैर बाप के पैदा नहीं हुए उन के भी वालिद थे. (ऊयुने ज़मज़म स.२२, बहवालह अक़ाइदे वहाबिया)

कुरआने मजीद में है कि अल्लाह रब्बुल इज़्जत ने हज़रते ईसा अलैहिस्सलाम को बग़ैर बाप के पैदा फ़रमाया.

अक़ीदह (३२): हज़रत ख़्वाजा ग़रीब नवाज़, हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया, हज़रत साबिर कलयरी, ख़्वाजा बंदा नवाज़ गेसू दराज़ गुलबरगह शरीफ़, औलिया अल्लाह नहीं बल्कि शैतान के वली हैं, दज्जाल और कज़्ज़ाब हैं, अहले बिदअत हैं, उन के मज़ारात इब्लीस के अड्डे हैं.

(सुन्नी बरेलवियत क्या है? अज़ अबूल इक़्बाल सलफ़ी, स.५०८, ५०९, ५१०, मुतफ़र्रिक़ मतबूअह इदारह दअवतुल इस्लाम, मल्लापूर, रठोरा, बरेली व मख़दूम नगर, अहमदाबाद)

अकीदह (३३): औलिया अल्लाह को पुकारना और उन से मदद मांगना सब से बड़ा शिर्क जली है.

(मक़ालात व फ़तावा, स.६६, मक़ालात व फ़तावा बिन बाज़, स.७९)

अक़ीदह (३४): तअज़ीम इबादत है और सालिहीन की तअज़ीम हलाकत का सबब है.

(अल जदीद शरह किताबुत तौहीद, स.१३२, १२६, मतबूआ सऊदी अरब)

अक़ीदह (३४): हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ और हज़रत उमर फ़ारूक़े आज़म (رضی اللہ تعالٰی عنہما) कीना पर्वर थे.

(एअतिसामुस सुन्नाह, स.६९, मतबूआ कानपूर, बहवालह जामिउश शवाहिद अज़ मोहद्दिस सूरती)

अक़ीदह (३५): इमामे आज़म, इमामे मालिक, इमामे शाफ़ई, इमामे अहमद बिन हंबल के मुक़ल्लिदीन और तरीक़त के सिलसिलों

(क़ादरी, चिश्ती, नक़्शबंदी, सुहरवर्दी) में मुरीद होने वाले कफ़िर व मुशरिक और शैतान है.

(एअतिसामुस सुन्नह, स.७, अशआरुल हक़ अज़ मुहम्मद यासीन ज़फ़रुल मुबीन, मतबूआ लाहोर, स.१८९, मुसन्निफ़ मोलवी मुहय्युद्दीन, सबूतुल हक़्क़िल हक़ीक़, स.३, ४, ७, मुसन्निफ़ मोलवी नज़ीर हसन बहवाला जामिउश शवाहिद बरेलवियत क्या है? स.३५७, अज़ अबूल इक़्बाल सलफ़ी मतबूआ इदारह दअवतुल इस्लाम मल्लापूर बरेली व मख़दूम नगर अहमदाबाद (गुजरात)

अक़ीदह (३६): औलियाए केराम के रियाज़ात व मुजाहिदे और वज़ीफ़े शैतान की पूजा होती है.

(सुन्नी बरेलवियत क्या है? अज़ अबूल इक़्बाल सलफ़ी, स.३५५, मतबूआ इदारह दअवतुल इस्लाम मल्लापूर, बरेली युपी, मख़दूम नगर अहमदाबाद गुजरात)

अक़ीदह (३७): नमाज़ छोड़ना शिर्क व कुफ़्र है और बे नमाज़ी की नमाज़े जनाज़ह न पढ़ी जाए.

(तौहीद के मसाइल, स.१५६, सहीफ़ए अहले हदीस कराची शुमारह मई, १९५७ई. स.१९. अख़्बारे अहले हदीस अमरितसरी, स.५, शुमारह २, जून १९११ई. बहवाला वहाबी मज़हब की हक़ीक़त)

अक़ीदह (३८): ईसाले सवाब हिंदुवों का तरीक़ह है.

(तरजूमाने वहाबिया, स.९२, अज़ सिद्दीक़ हसन भोपाली मतबूआ मूफ़ीदे आम आगरह, बहवालह जामिउश शवाहिद)

अक़ीदह (३९): बीस रकअत तरावीह बिदअत व गुमराही है और हज़रत उमरे फ़ारूक़ (رضی اللہ تعالیٰ عنہ) सरीह ख़ताकार और बिदअते ज़लालत के मोजिद हैं.

(अल इंतिक़ादुर रजीह, अज़ सिद्दीक़ हसन भोपाली मतबूअ अलवी लखनऊ, स.६२, बहवालह जामिउश शवाहिद अज़ मोहद्दीस सूरती)

अक़ीदह (४०): हज़रत हुसैन (رضی اللہ تعالیٰ عنہ) को इमाम कहना सहीह शीओं का तरीक़ह है. हुसैन (رضی اللہ تعالیٰ عنہ) हक़ पर

नहीं थे उन्हों ने ख़लीफ़ए बरहक़ के ख़िलाफ़ ख़ुरूज व बग़ावत किया था. यज़ीद बड़ा दीनदार, परहेज़गार और ख़ैर का मुतलाशी था, यज़ीद हक़ पर था, यज़ीद को (رحمة الله عليه) कहना मुस्तहब है. यज़ीद बख़्शा बख़्शाया जन्नती है. हुसैन (رضى الله تعالى عنه) ने हुकूमत व रियासत हासिल करने के लिये मुक़ाबलह किया था. हज़रत हुसैन (رضى الله تعالى عنه) न ज़िंदगी में किसी के काम आ सके न बअदे वफ़ात किसी के काम आ सकते हैं.

(मुलहिज़न रुसूमाते मुहर्रमुल हराम अज़ हाफ़िज़ सलाहुद्दीन युसूफ़ मतबूआ मक्तबतुल फ़हीम, मऊ)

अक़ीदह (४१): ग़ैर मुक़ल्लिदीन के नज़दीक राम चंद्र व लछछमन और क्रिश्न वग़ैरह नबी हैं जो हिंदुवों में मशहूर हैं. इसी तरह फ़ारसियों में ज़रतश्त और चीन व जापान वालों में नफ़्सियों और बुध और यूनानियों में सक़रात और फ़ीसा गौरस.

(हदियतुल महदी, स.५८, बहवालह ग़ैर मुक़ल्लिदों के फ़रेब)

अंदुरूने ख़ाना क्या है?

जमाअते वहाबिया के मोलवी अपने आप को शफ़ीअ व मददगार समझते थे

(१) थानवी ने कहा कि मोलवी मसीहुद्दीन के वालिद को अल्लाह तआला ने इस लिए बख़्श दिया कि वह मुझ से तअल्लुक़ रखते थे.

(हवला: (१) हसनुल अज़ीज़, जि.१, हि.२, कि.१७, मलफ़ूज़१६०, **स.**१८१)

(२) थानवी ने अपनी अज़मत बयान करते हुए कहा कि मैं कानपूर था और मेरी एक मुरीदह थानह भवन में सकरात की हालत में मुझ को देखती है कि मैं ऊंटनी लाया हूं और कहता हूं कि चल, फिर वह इंतिक़ाल कर गई. ये वाकिअह बयान करने के बाद थानवी ने

कहा कि ये मेरी मक़बूलियत इन्दल्लाह की अलामत हैं उन से उम्मीद होती है कि मैं मरदूद नहीं हूं.

(हवाला: हसनुल अज़ीज़, जि.१, हि.२, क़ि.१७, मलफ़ूज़.१६०, स.१८१. (२) अशरफ़ुस सवानेह, जि.३, स.८६)

नोट: इस वाक़िअह से क़ब्ल थानवी जी अपने आप को मरदूद समझते थे.

(३): थानवी ने कहा कि कहीं लोग मेरी सूरत को सूरए यासीन न समझने लगें जो मरते वक़्त पढ़ी जाती है. (हवाला: (१) हसनुल अज़ीज़ जि.१, हि.२, क़ि.१७, मलफ़ूज़ १६०, स.१७९)

(४): थानवी के ख़लीफ़ह ख़्वाजा अज़ीज़ुल हसन के बहनोई ने इंतेक़ाल के बअद ख़्वाब में कहा कि अच्छा हुवा कि कानपूर जाकर मौलाना थानवी से मुरीद हो आया, मैं यहां बड़े आराम में हूं.

(हवाला:(१) अशरफ़ुस्सवानेह, जि.३, स.८६. (२)हसनुल अज़ीज़ जि.१, हि.२, कि.१७, मलफ़ूज़ १६०, स.१८०)

नोट: ये मुहँ मियां मसूर की दाल.

(५): थानवी ने कहा कि बअद नमाज़े इशा लेटा रहता हूं, तालिबे इल्म बदन दबाते हैं, तो राहत होती है, आंख लगने लगती है.

(हवाला: (१) हसनुल अज़ीज़ ,जि१, हि.३, कि.१८, मलफ़ूज़४५७, स.१५१)

ख़्वाब के ज़रीअह तौहीने नबी व उम्महातुल मोमिनीन

(१) एक शख़्स ने थानवी को लिखा कि मैं ने ख़्वाब मे देखा कि मआज़अल्लाह मैंने ज़ौजए मुतह्हरा के साथ हमबिस्तरी की. जवाब में थानवी ने उस को तसल्ली देते हूए लिखा कि आप किसी शेई मसअला के मोअतक़िद हैं और वह मसअला इस्तिंजा के मुतअल्लिक़ है.

(हवाला: (१) अलइफ़ाज़ातुल यौमिया देवबंद, जि.३, कि.१३, मलफ़ूज़२७१, स.२७३)

(२) एक शख़्स ने थानवी को लिखा कि मैं ने ख़्वाब देखा कि मैं ने हज़रते आइशा के साथ नाज़ेबा हरकत की. जवाब में थानवी ने लिखा कि आप को किसी ऐसे मसाइल में तरद्दुद है जो इस अज़्वु (अज़वुए तनासुल) के साथ मुतअल्लिक़ है. ये जवाब लिखने के बअद थानवी ने खुद अपनी तअरीफ़ करते हुए कहा कि उस शख़्स ने मेरी तश्ख़ीस पर तअज्जुब किया कि मैं ने उस का शुबह पकड़ लिया, उस शख़्स ने कहा कि मैं ढीला से इस्तिंजा सुखलाने का क़ाइल व आमिल न था.

(हवाला: (१) अल इफ़ाज़ातुल यौमिया (देवबंद) जि.३, कि.१८, मलफ़ूज़५२५, स.४९)

(३) हाजी इमदादुल्लाह ने ख़्वाब देखा कि उन की भावज मेहमानों का खाना पका रही हैं, हूज़ूर (صلی اللہ علیہ وسلم) तशरीफ़ लाए और आप की भावज से फ़रमाया कि इमदादुल्लाह के मेहमान उलमा हैं, उन मेहमानों का खाना मैं पकाउंगा. (हवाला: (१) तज़्किरतुर रशीद, जि.१, स.४६. (२)हसनुल अज़ीज़ जि.१, हि.४, कि.१९, मलफ़ूज़५९३, स.५२, (३) सवानेह क़ासमी, जि.१, स.८४.

(४) एक सालेह ख़्वाब में हुज़ूर (صلی اللہ علیہ وسلم) की ज़ियारत से मुशर्रफ़ हुए तो आप को उरदू में कलाम करते देख कर पूछा कि आप को ये कलाम कहां से आ गाई, आप तो अरबी हैं? फ़रमाया कि जब से उलमाए मदरसए देवबंद से हमारा तअल्लुक़ हुवा, हम को ये ज़बान आगई. (हवाला: (१) बराहीने क़ातिअह, स.३०)

(५) शाह इस्हाक़ ने ख़्वाब मे देखा कि मआज़अल्लाह हुज़ूर (صلی اللہ علیہ وسلم) की लाश मुबारक चौराहे पर बे कफ़न पड़ी है और लोग उस को पावं लगाते हुए चलते हैं, ये ख़्वाब देखने के बअद उन्होंने हिंदूस्तान से हिजरत कर ली. (हवाला: (१) अल इफ़ाज़ातुल यौमिया देवबंद, जि२, कि.११, मलफ़ूज़ १५, स.३९.

(६) थानवी ने ख़्वाब मे हज़रते आइशा (رضی اللہ تعالی عنہا) की तशरीफ़ आवरी का ज़िक्र कर के ये तअबीर निकाली कि मेरी नई बेगम की उम्र में और मेरी उम्र में जो तफ़ावुत है वह मिस्ल हज़रते आइशा (رضی اللہ تعالی عنہا) और हुज़ूर (صلی اللہ علیہ وسلم) कि उम्र के तफ़ावुत के है. (हवाला: (१) अल इफ़ाज़ातुल यौमियह देवबंद. जि१, कि.१, मलफूज़११२, स.६०)

(७) ख़्वाब मे हुज़ूर (صلی اللہ علیہ وسلم) ने जुमअ कि नमाज़ थानवी की इक़्तिदा में पढ़ी, थानवी ने हज़ूर की इमामत की.
(हवाला:(१) अशरफुस्सवानेह, जि.३. स.९६.)

(८) ख़्वाब में सरज़मीने मक्का के वसीअ मैदान में हुज़ूर (صلی اللہ علیہ وسلم) की दाएं जानिब थानवी, असहाब का कसीर मज्मअ इधर उधर, ख़्वाब देखने वाले की हुज़ूर से दरख़्वास्ते बैअत, हुज़ूर का अहदे बैअत लेना शुरूअ करना, थानवी ने हुज़ूर की मआज़अल्लाह रहबरी करते हुए कहा कि इन से ये अहेद लिजिए कि कुरसी पर न बैठें गे, थानवी के कहने के मुताबिक़ हुज़ूर (صلی اللہ علیہ وسلم) ने कुरसी पर न बैठने का अहेद लिया.
(हवाला:(१) अशरफुस्सवानेह, जि.३, स.१०१.

उम्मते मुहम्मदियह (صلی اللہ علیہ وسلم) के बदतरीन लोग

मुंदरजह बाला इक़्तिबासात पढ़ने के बअद रूह कांप उठती है, इन्सानियत की चीख़ निकल जाती है, ज़ालिम व बे हया लोगों ने पास व अदब के सारे हद तोड़ दिए. एक मरदूद तो ख़्वाब देख रहा है कि रसूलुल्लाह (صلی اللہ علیہ وسلم) की लाशे मुबारकह पर ठोकर लगाता हुवा गुज़रता है (मआज़अल्लाह) नबिए अकरम (صلی اللہ علیہ وسلم) को ख़्वाब मे देखना हक़ीक़त का दर्जा रखता है. चूंकी आप की शक्ल में शैतान आही नहीं सकता.

एक सालेह ख़्वाब में हुज़ूर (صلی اللہ علیہ وسلم) की ज़ियारत करते हैं तो सरकार उरदू में कलाम करते हैं, उरदू ज़बान दानी पर सवाल होता है तो फ़रमाते हैं जब से उलमाए मदरसए देवबंद से हमारा मआमिला हुवा हम को ये ज़बान आ गई.

कोई अपने भावज के साथ मिल कर सरकार (صلی اللہ علیہ وسلم) से खाना पकवा रहा है और थाना भवन के मोलवी साहेब ने तो हद करदी, सरकार (صلی اللہ علیہ وسلم) उस के कहने के मुताबिक़ कुरसी पर न बैठने का अहद लेते हैं, उस के अलावह महबूबए सरवरे काइनात उम्मुल मूमिनीन हज़रते आइशह सिद्दीक़ह (رضی اللہ تعالٰی عنہا) की शान में किस क़द्र ईमान सोज़ और लग़्व बातें की हैं. क्या यह एक वफ़ादार उम्मती और गुलामे नबी का काम हो सकता है? हरगिज़ नहीं! ये सब माद्दी मफ़ादात के तहत काम अंजाम दिए गए हैं.

हज़रते आइशह सिद्दीक़ह (رضی اللہ تعالٰی عنہا) जिन की पाकीज़गी व तत्हीर की गवाही कुरआन दे रहा है जो सारी उम्मत की माँ हैं, जिन के फ़ज़ाइल व मनाक़िब अहादीस में बयान किये गए हैं उन की ज़ात के साथ किस तरह अपनी नजिस ख़मीर और फ़ितरी नजासत का मुज़ाहिरह किया गया है. जो लोग खुद अपनी आंखों से इन वाक़िआत को पढ़ेंगे, उन्हें क़तई इतमीनान हो जाएगा और उन ज़ालिमों के कुफ़्र व शिर्क में कोई शुबह न करेंगे.

हज़रते आइशा सिद्दीक़ह (رضی اللہ تعالٰی عنہا) को ज़िंदगी भर की पुर सोज़ रिफ़ाक़त से ये क़ाबिले रश्क सिलह अता हुवा कि वह क़यामत तक के लिए आयाते कुरआनिया का उनवान बन गईं, जब जब क़ारी के सीने से तिलावते कुरआन के नग़मे उबल्ते रहें गे हज़रते आइशह सिद्दीक़ह (رضی اللہ تعالٰی عنہا) का तज़किरए जमील की खुश्बू से दुनिया मुअत्तर होती रहेगी. तक़्वियतुल ईमान, तहज़ीरुन्नास, हिफ़्ज़ुल ईमान, फ़तावा रशीदिया, बहिश्ती ज़ेवर, अल इफ़ाज़ातुल यौमिया, हसनुल अज़ीज़,

फ़तावा सत्तारिया, फ़तावा सनायिया, अवहि सलासह और उन जैसी बहुत सी किताबों की इबारतें इहानते रसूल के ज़हर से शराबोर हैं, फ़िक्री नहूसत, नफ़्स की पैरवी, ग़लत तावीलात, जहां से कुफ़्र की शराब टपकती है और शिर्क का दर्वाज़ह खुलता है और दाइमी हलाकत का नुसख़ा, अंबिया की तन्क़ीस, औलियाए किबार की शान में गुस्ताख़ियां, उम्महातुल मोमिनीन की शान में नाज़ेबा कलिमात गोया मज़कूरह किताबों में गुनाह दर गुनाह का दाएरह, जलती अज़ाब की राह और अन गिनत वसवसों कि गर्द, सैले आतिश व तूफ़ां माहौल की बे चैनी, बे चहरगी के अलमिये और कसरते आलाम में बरहना व बरहम आग के शोअले जीवन के सागर में ग़मों की भीड़, ख़यालों की नई दुनिया में ख़्वाब आवर उम्मीदें और महब्बत के जोश मारते हुरूफ़ के अंदर से निकलने वाले खुंख़्वार घने अज़ाब, अंधे ग़ारों की हबस ज़दह सोचें, भूकी जिबिल्लतें, सफ़हे हस्ती से मिटाने वाले रक़्से शरर, नफ़्स नफ़्स ज़हर और एहसास के हर जज़्बे को मसलूब कर देने वाले हुनर, इज़ारे जां का हर फ़न और महबूबे रब्बुलआलमीन जाने ईमान, शफ़ीए रोज़े शुमार, नाइबे पर्वर दिगार खुदाए लम यज़ल के राज़ दार बाइसे तख़लीक़े काइनात जनाबे मुहम्मदु र्रसूलुल्लाह (صلی اللہ علیہ وسلم) से रिश्ता मुनक़तअ करने की पूरी सलाहियत और चिराग़े शमए उलफ़त को बुझाने के लिए हर हर्बा व तरीक़ह इन किताबों में मौजूद है, अब भी अगर किसी को यक़ीन की मंज़िल न मिली हो तो इन किताबों को मंगवा कर देख सकता है.

हमारी जमाअत, जमाअते अहले सुन्नत के अकाबिरीन ने इन किताबों का ख़ूब ख़ूब तअकुब किया है और उन के सियाह चहरे को बे नक़ाब किया है. अल्लाह तआला हम सब को अपने हबीब (صلی اللہ علیہ وسلم) के सदक़े व तुफ़ैल में उन से दूर रहने की तोफ़ीक़ अता फ़रमाए.

(आमीन)

फ़िरक़ए बातिलह के अक़ाइद के चंद नमूने

और मुलाहिज़ह करें:

ग़ैर मुक़ल्लेदीन के यहां मनी नापाक है.

वुरूदे नजासत मनी आदमी दलीले नयामदह.

(बदरुल अहिल्लाह , स.१५)

यानी आदमी की मनी नापाक होने के सिलसले में कोई दलील नहीं.

मनी के तअल्लुक़ से नवाब नूरुल हसन साहब लिखते हैं:

मनी हर चंद पाक अस्त. यअनी मनी हर सूरत में पाक है.

(उरफ़ुल जादी, स.१०)

नवाब वहीदुज़्ज़मां लिखते हैं:

यानी मनी पाक है ख़्वाह वह ख़ुश्क हो या तर, गाढ़ी हो या न हो.

(नज़लुल अबरार, स.४९)

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के यहां शराब को नापाक कहना बे दलील है.

नवाब सिद्दीक़ हसन भोपाली लिखते है:

यअनी गधों और शराब की हुरमत से कि जिस पर कुरआन व हदीस दलालत करते हैं उन का नजिस व नापाक होना लाज़िम नहीं आता उन के नजिस होने के लिए दूसरी दलील का होना ज़रूरी है वरना उसूल मुत्तफ़िक़ अलैह पर यअनी तहारत पर बाक़ी रहेंगी.

(अर रौज़तुन्नदविय्या,१/२१)

नवाब नूरुल हसन लिखते हैं: हुकुम ब नजासत ख़ुमुर बिना बर हुर्मत बे दलील बाशद. यअनी शराब को हराम होने के बाइस नजिस कहना बे दलील है. (उरुफ़ुल जादी, स.२३७)

इस ज़िम्न में नवाब वहीदुज़्ज़मां लिखते हैं:

यअनी मनी पाक है और ऐसे ही शराब भी पाक है.

(नज़लुल अबरार, जि.१, स.४९)

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के यहां कुत्ते और ख़िंज़ीर का जूठा पाक है

उस के पाक होने के तअल्लुक़ से नवाब वहीदुज्जमां लिखते हैं:

यअनी फुक़हा ने कुत्ते और ख़िंज़ीर के लुआब और उन के जूठे की तहारत व अदमे तहारत के सिलसिले में इख़्तेलाफ़ किया है, ज़्यादह राजेह बात ये है कि उन का जूठा पाक है और इसी तरह कुत्ते के पेशाब पाख़ानह के मुतअल्लिक़ इख़्तेलाफ़ किया है और हक़ बात ये है कि उन के नापाक होने पर कोई दलील नहीं. (नज़लुल अबरार, १/५०,४९)

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के यहां तमाम जानवरों का पेशाब पाक है

नवाब वहीदुज़्जमां लिखते हैं:

यअनी मनी पाक है, ऐसे ही हैज़ के ख़ून के अलावह बाक़ी ख़ून पाक है, शरम गाह की रतूबत शराब और हलाल व हराम जानवरों का पेशाब सब पाक है. (नज़लुल अबरार, जि.१, स.४९)

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के यहां मुर्दार, ख़ून और ख़िंज़ीर सब पाक है

नवाब सिद्दीक़ हसन ख़ाँ लिखते हैं:

यअनी इसी तरह आयते मैतह में मूर्दार हराम होगा नजिस नहीं. और ऐसे ही ख़िंज़ीर के नापाक होने पर लफ़्ज़े रिज्स से इस्तेदलाल करना मुनासिब नाहीं है और इसी तरह हर ख़ून के नापाक होने में कोई सहीह हदीस साबित नहीं हूई. (बदरूल अहिल्लह, स.१५, १६, १७)

इस ज़िम्न में नवाब नूरुल हसन लिखते हैं:

यअनी कुत्ते और ख़िंज़ीर के नजिसुल ऐन होने का, शराब, बहने वाले ख़ून और मुर्दार जानवर के पलीद व नापाक होने का दअवा ना तमाम है. (उर्फ़ुल जावा, स.१०)

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के यहां वुज़ू में पावं धुलने की बजाए मसह करना फ़र्ज़ है

ऊंट की कोई कल सिधी नहीं, मोलवी इब्राहीम लिखते है:

पावं धोने की बजाए मसह करना फ़र्ज़ है.

(फ़तावा इब्राहीमया, स.२१, बहवालह फ़तहुल मुबीन, स.४५२)

वहाबी ग़ैर मुक़ल्लिदीन के यहां इब्तिदाए वुज़ू में बसमलह फ़र्ज़ है.

इस बारे में मुफ़्ती अबदुस्सत्तार लिखते हैं:

अलग़र्ज़ हर मुतवज़्ज़ी को वुज़ू के शुरूअ में बिसमिल्लाह या बिसमिल्लाहि वल हम्दुलिल्लाह ज़रूर कहना चाहिए. अगर इब्तिदाए वुज़ू में भूल जाए तो इस्नाए वूज़ू में बिसमिल्लाहि अव्वलु व आख़िरु कह ले वरना वुज़ू न होगा और जिस का वुज़ू नहीं उस की नमाज़ नहीं.

(फ़तावा सत्तारियह, जि.२ स.१९)

मुंदर्जा बालह मसअलह के तअल्लुक़ से ख़ालिद गरजाखी लिखते हैं: वुज़ू करने से पहले बिसमिल्लाह पढ़ कर वुज़ू शुरूअ करना चाहिए, जो बिसमिल्लाह नहीं पढ़ता उस का वुज़ू नहीं होता.

(सलातुन्नबी, स.६८)

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के यहां बदन के किसी हिस्सा से ख़ून निकले वुज़ू नहीं टुटता

नवाब नूरुल हसन लिखते हैं: यअनी ख़ून निकलने और क़ै आने से वुज़ू नहीं टूटता. (उर्फ़ुल जादी, स.१४)

मसअला मज़कूरह के तअल्लुक़ से नवाब वहीदुज़्ज़मां लिखते है:

यअनी पेशाब पाख़ाना की जगह के अलावह ख़ून निकलने से वुज़ू नहीं टूटता अगर बह पड़े और वह ख़ून जो ज़ख़्मों से निकले उस से भी वुज़ू नहीं टुटता, इसी तरह ख़ालिस पीप और ख़ून आलूदह पीप से भी वुज़ू नहीं टुटता है. (नज़लुल अबरार, जि.१,स.१८)

यूनुस क़ुरैशी कहते हैं:

बदन से ख़ून निकलने से वुज़ू नहीं टूटता. (दस्तूरुल मुत्तक़ी, स.७७)

क़िब्ला रू पाख़ाना पेशाब करना बिला कराहत जाइज़ है

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के नज़दीक बिला कराहत जाइज़ है. मुहम्मद यूनुस कुरैशी लिखते हैं:

मगर घर में या किसी चीज़ की आड़ में जाइज़ है.

(दस्तूरुल मुत्तक़ी, स.४५)

नवाब वहीदुज़्ज़मां लिखते हैं:

यअनी इसतिंजा करते वक़्त क़िब्ला की तरफ़ मुंह करना या पीठ करना मकरूह नहीं है. (नज़लुल अबरार, जि.१, स.५३)

बे वुज़ू क़ुरआन छुवा जा सकता है

इसलाम ने तो इस से मनअ किया है अलबत्ता ग़ैर मुक़ल्लिदीन के नज़्दीक ये जाइज़ व दुरुस्त है. नवाब वहीदुज़्ज़मां लिखते हैं: यअनी कहा गया कि कुरआने करीम को छूने के लिए तहारत शर्त नहीं है, इसी पर हमारे असहाब में शौकानी वग़ैरह ने जज़्म किया है.

(नज़लुल अबरार, जि.१, स.१)

मज़कूरह मसअले के तअल्लुक़ से नवाब नूरुल हसन कहते हैं

अगरचे मुहदिस रामस मुसहफ़ जाइज़ बाशद. (उर्फ़ुल जादी, स.१५)

यअनी बे वुज़ू शख़्स के लिए कुरआन को छूना जाइज़ है.

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के नज़दीक सेहते नमाज़ के लिए कपड़े और बदन का पाक होना शर्त नहीं

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के नज़दीक सेहते नमाज़ के लिए कपड़े और बदन का पाक होना शर्त नहीं है. नवाब सिद्दीक़ हसन ख़ां लिखते हैं: यअनी अगर किसी ने जान बूझ कर नजासत लगे हुए कपड़े में नमाज़ पढ़ी उस ने वाजिब में ख़लल डाला अलबत्तह उस की नमाज़ सहीह है.

नीज़ लिखते हैं:

तहारत महमूल व मलबूस रा शर्त सेहते नमाज़ गरदानीद कमा यंबगी नीस्त. (बद्रु वल अहिल्लह, स.३९)

यअनी नमाज़ की सेहत के लिए कपड़े और उठाई हूई चीज़ के

पाक होने की शर्त क़रार देना मुनासिब नहीं.

मज़कूरह मसअले के मुतअल्लिक़ नवाब नूरुल हसन का क्या कहना है? वह भी जवाज़ के क़ाइल हैं. कहते हैं: या दर जामए नापाक नमाज़ गुज़ार व नमाजश सहीह अस्त. (उर्फुल जादी, स.२२)

नापाक कपड़ों में नमाज़ पढ़ी तो उस की नमाज़ सहीह है.

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के नज़दीक सेहते नमाज़ के लिए जगह का पाक होना शर्त नहीं

बदूरुल अहिल्लह में है: तहारते मकान वाजिब अस्त शर्ते सेहते नमाज़ नीस्त यअनी नमाज़ की जगह का पाक होना वाजिब है नमाज़ के सहीह होने के लिए शर्त नहीं है. (बदरुल अहिल्लह, स.४०)

उस के तअल्लुक़ से नवाब नूरुल हसन का क्या मौक़फ़ है?

वह भी जवाज़ व दुरुस्तगी के क़ाइल हैं. लिखते हैं: तहारते मकान नमाज़ वाजिब अस्त न शर्ते सेहते नमाज़ अस्त, नमाज़ की जगह का पाक होना वाजिब है न कि नमाज़ के सहीह होने की शर्त.

(उर्फुल जादी. स.२१)

सेहते नमाज़ के लिए सतर ढांपना शर्त नहीं.

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के यहां औरत का सेहते नमाज़ के लिए सतर ढांपना शर्त नहीं है. नवाब सिद्दीक़ हसन ख़ाँ लिखते हैं: व अम्मा आं कि नमाज़े ज़न अगरचे तनहा या बा ज़नां या बा शौहर या दीगर महारिम बाशद बे सतर तमाम औरत नीस्त पस ग़ैर मुसल्लम अस्त.

(बदरुल अहिल्लह, स.३९)

यअनी रही यह बात कि औरत की नमाज़ अगरचेह वह तनहा हो या दूसरी औरतों के साथ हो या शौहर या दूसरे महरिमों के साथ हो तो पूरे सतर के ढांपे बग़ैर नमाज़ नहीं होती यह बात हमैं तसलीम नहीं है.

नवाब नूरुल हसन का क्या मौक़ुफ़ है?

वह भी सतर ढांपना शर्त नहीं क़रार देते हैं. व अज़ीं जा दर यफ़्ता

बाशी कि हर केह चीज़े अज़ औरतश दर नमाज़ नुमायां शुद या दर जामए नापाक नमाज़ गुज़ारद नमाज़श सहीह अस्त. यअनी यहीं से तुमहें मअलूम हो गया कि नमाज़ी के सतर का जो हिस्सह भी नमाज़ में खुल जाए या वह नापाक कपड़ों में नमाज़ पढ़ ले तो उस कि नमाज़ सहीह है. (उर्फुल जावा, स.२२)

नोटः यह है बे हया और ओबाश लोगों का मज़हब जिस पर वहाबियह फ़ख्र करते हैं.

ग़ैर मुक़ल्लिदीन के नज़दीक नाबालिग़ की इमामत जाइज़ है

नवाब नूरुल हसन लिखते हैं: सहीह अस्त इमामते तिफ़्ल नाबालिग़ व नीस दलीले बर एअतेबारे बुलूग़. (उरफुल जावा, स.३७)

यअनी नाबालिग़ बच्चे की इमामत सहीह है और बुलुग़त के एअतेबार करने पर कोई दलील नहीं है.

यूनुस कुरैशी का मज़हब है

जवान और बड़ी उम्र वाले लोगों के होते हूए नाबालिग़ लड़का इमाम बने तो जाइज़ है बशर्तेकि सब से अच्छा कुरआन पढ़ता हो.

(दस्तूरूल मुत्तक़ी, स.१२७)

क्या राफ़्ज़ी, ख़ार्जी, मोअतज़ली और मिरज़ाई के पीछे नमाज़ जाइज़ है?

इस्लाम ने तो इस से शिद्दत से मनअ किया है और नमाज़ के न होने का क़ौल किया है, जब कि ग़ैर मुक़ल्लिदीन के यहां खुली छूट है और वह नमाज़ के जवाज़ के क़ाइल है.

नवाब वहीदुज़्ज़मां लिखते है:

यअनी राफ़्ज़ी, ख़ार्जी, मोअतज़ली और मुक़ल्लिद की इमामत जाइज़ है. एक दूसरे मौकेअ पे लिखते हैं: मुतर्जिम कहता है: कि अहले हदीस ने ख़वारिज और रवाफ़िज़ वग़ैरह अहले क़िब्ला की तकफ़ीर नहीं

की और इस लिए उन के पीछे नमाज़ में इक़्तिदा सहीह रखी.

(नज़्लुल अबरार, जि.१, स.९३, नूरुल हदीस, किताब दाल, स.८१.)

सवाल: मज़कूरह फ़िर्क़ों की इक़्तिदा में नमाज़ पढ़ने के तअल्लुक़ से सनाउल्लाह क्या कहते हैं?

जवाब: बअज़ लोगों को वहम होता है कि चूंकि मिर्ज़ाई वग़ैरह फ़िर्क़ों के एअतेक़ादात इस हद तक पहुंच चुके हैं कि उन को कुफ़्र लाज़िम है बल्कि उलमा ने उन पर कुफ़्र का भी फ़तवा दिया है इस लिए उन की तो अपनी नमाज़ जाइज़ नहीं फिर उन के पीछे हमारी नमाज़ क्युं कर होगी. दर अस्ल यही एक सवाल है जिस ने मुसलमानों को इस हद तक पहुंचाया है कि वह एक दूसरे के साथ मिल कर ख़ुदा के हुज़ूर में खड़े नहीं हो सकते इसी तरह बअज़ लोग मेरे इस फ़तवे से (मिरज़ाईयों के पीछे नमाज़ जाइज़ है) ये समझते हैं कि मिरज़ायियों के पीछे जब नमाज़ हो गई तो उन के फ़तावाए कुफ़्र में भी तख़्फ़ीफ़ आ जाएगी. इस लिए उन की ख़िदमत में अर्ज़ करता हूं कि जवाज़ इक़्तिदा से न मैं उन के एअतेक़ाद का मुसह्हे हूं न उन के फ़तवे में तख़फ़ीफ़ होती है. मैं अरकाने सलात में इमाम और मुक़्तदी का रब्त मानता हूं मगर क़ुबूलियत और अदमे क़ुबूलियत में उन दोनों का कोई तअल्लुक़ नहीं समझता, इस लिए जो शख़्स नमाज़ को फ़र्ज़ जान कर अरकाने नमाज़ अदा करता है उस के पीछे इक़्तेदा करना मैं जाइज़ जानता हूं, गो एअतेक़ादी फ़ुतूर की वजह से इमाम की नमाज़ क़बूल न हो तो हम मुक़्तदी की क़बूल हो जाएगी.

(अख़्बारे अहले हदीस मोरख़ा ९, सफ़र १४३६ह बहवाला फ़तावा उलमाए हदीस, जि.२, स.१८९)

मौसूफ़ एक दूसरे मक़ाम पर लिखते हैं: मेरा मज़हब और अमल है कि हर कलेमह गो के पीछे इक़्तेदा जाइज़ है वह शीआ हो या मिरज़ाई.

(अख़्बारे अहले हदीस, १२/ एप्रेल १९१५ई. बहवाला फ़तावा इमाम रब्बानी, स.५०)

नोट: वाह वाह! मारे घुटना फूटे सर क्या, मसअला है और क्या फ़तवा दिया जा रहा है यह सिर्फ़ इस लिए है कि जैसे छोटे मियां वैसे ही बड़े मियां दोनों नजिस, ज़ाहिर सी बात है ऐसी सूरत में मुख़ालिफ़त कर ही नहीं सकते.

सवाल: वह कौनसा फ़िर्क़ा है जिस के नज़्दीक अगर इमाम हालते जनाबत में नमाज़ पढ़ा दे तो सिर्फ़ इमाम की नमाज़ फ़ासिद होगी, मुक़्तदियों को लौटाने की ज़रूरत नहीं?

जवाब: मलऊने ज़माना फ़िर्क़ए ग़ैर मुक़ल्लिदीन.

नवाब वहीदुज़्ज़मां लिखते है:

यअनी जब इमाम का बे वुज़ू होना ज़ाहिर हो जाए या मुक़्तदी की राए में इमाम की तरफ़ से नमाज़ फ़ासिद करने वाली कोई चीज़ ज़ाहिर हो जाए तो सिर्फ़ इमाम अपनी नमाज़ लौटाए मुक़्तदी न लौटाए और इमाम पर लाज़िम नहीं है कि वह मुक़्तदियों को बताए कि बग़ैर वुज़ू के या जनाबत की हालत में उस ने नमाज़ पढ़ादी है.

(नज़्लुल अबरार, ज.१, स.१०१)

सवाल: बअज़ लोग कहते हैं ग़ैर मुक़ल्लिदीन के नज़्दीक नमाज़ के दौरान कुरआन हाथ में ले कर पढ़ना और वर्क़ पलटना जाएज़ है, क्या उन का यह कहना दुरुस्त है?

जवाब: उन का कहना दुरुस्त है. ग़ैर मुक़ल्लिदीन के नज़्दिक नमाज़ के दौरान कुरआन हाथ में ले कर पढ़ने और वर्क़ पलटने में कुछ हर्ज नहीं है. नवाब वहीदुज़्ज़मां लिखते हैं:

यअनी दौराने नमाज़ कुरआने करीम देख कर पढ़ने में कोई हर्ज नहीं है अगरचे कुरआने पाक एक या दोनों हाथों से उठा रखा हो और सफ़्हात बदलता रहे, ख़्वाह फ़राइज़ हों या नवाफ़िल.

(नज़्लुल अबरार, जि.१, स.११०)

मज़ीद लिखते हैं:

यअनी ऐसे ही इमाम का नमाज़ में कुरआन देख कर तिलावत करना भी मकरूह नहीं है और अपनी उंगली से सफ़हात बदलना भी मकरूह नहीं है. (नज़लुल अबरार, जि.१, स.१३१)

नमाज़ में बात चीत से नमाज़ फ़ासिद नहीं होती है

हमारे फुक़हाए इस्लाम के नज़्दीक तो फ़ासिद हो जाती है अलबत्ता ग़ैर मुक़ल्लिदीन के नज़्दीक फ़ासिद नहीं होती है. नवाब नूरुल हसन लिखते हैं यअनी भूल कर बात चीत करने से नमाज़ फ़ासिद नहीं होती है. (उर्फ़ुल जावा, स.२३)

यूनुस कुरैशी लिखते हैं:

इमाम और मुक़्तदी अगर नमाज़ में भूल की बाबत कुछ गुफ़्तगू कर लें तो भी नमाज़ में कुछ नुक़्सान वाक़ेअ नहीं होता.

(दस्तुरुल मुत्तक़ी, स.१२३)

